सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

बुधवार 04.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 223

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



**संसद में गूंजी धनबाद की आवाज**

## धनबाद से दिल्ली के बीच सीधी रेलसेवा की ढुल्लू महतो ने की मांग

## वैष्णो देवी, वेल्लोर और बैंगलोर के लिए रेल सेवा शुरू करने का आग्रह

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने आज संसद में धनबाद कोयलांचल में रेल सेवाओं के बिस्तर और विकास की कई मांगों को मजबूती रखा। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से धनबाद की गुहार लगाते हुए सांसद महतो ने चार प्रमुख मार्गों पर रेल सेवाओं की शुरूआत करने की मांग की और क्षेत्र की रेल सेवाओं को सुधारने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धनबाद के नागरिकों को बेहतर यात्री रेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

श्री महतो ने यह भी बताया कि झारखंड राज्य से सबसे अधिक रेल राजस्व धनबाद से प्राप्त होता है, क्योंकि यहां से सैंकड़ों मालवाहक ट्रेनें रोजाना निकलती हैं। हालांकि, सवारी रेल सेवाएं बहुत कम हैं, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री महतो ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय इन मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह कदम न केवल धनबाद क्षेत्र बल्कि पूरे झारखंड राज्य के नागरिकों के लिए लाभकारी होगा।




### धनबाद से दिल्ली

सांसद महतो की सबसे महत्वपूर्ण मांग रही धनबाद से दिल्ली के बीच सीधी रेलगाड़ी शुरू करने की। उन्होंने रेल मंत्री से दिल्ली के लिए रेल सेवा शुरू करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे धनबाद और आसपास के क्षेत्र के लोग सीधे देश की राजधानी से जुड़ सकेंगे और उनके कामकाजी जीवन में सुगमता आए।

### धनबाद से वैष्णो देवी

लोकसभा में अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, धनबाद से वैष्णो देवी के लिए एक सीधी रेल सेवा शुरू की जानी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिले और उन्हें लंबी दूरी की यात्रा से बचने का अवसर मिले।

### धनबाद से वेल्लोर

सांसद ने इलाज के लिए जाने वाले मरीजों के लिए धनबाद से भैलोर तक रेल सेवा शुरू करने की मांग की है, जिससे मरीजों को अस्पताल जाने में कोई परेशानी न हो और वे आसानी से यात्रा कर सकें।

### धनबाद से बैंगलोर और हैदराबाद

इसी प्रकार श्री महतो ने छात्रों और कामकाजी लोगों को ध्यान में रखते हुए, बैंगलोर और हैदराबाद के लिए रेल सेवा की आवश्यकता जताई है, ताकि लोग इन प्रमुख शहरों तक आसानी से यात्रा कर सकें।

## निरसा एवं गोविंदपुर में सर्विस लेन को किया जाये जाम मुक्त : उमेश गोस्वामी

- जाम का मुख्य कारण सर्विस लेन पर फुटपाथ दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** निरसा एवं गोविंदपुर में आए दिन लग रहे जाम से हो रही आम लोगों की परेशानी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने एनएच-2 के सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उपायुक्त से की है। उन्होंने उपायुक्त से मांग किया है कि निरसा एवं गोविन्दंपुर चौक पर लगातार हो रही जाम का मुख्य कारण सर्विस लेन पर फुटपाथ दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण है। निरसा एवं गोविंदपुर चौक के दोनों तरफ सर्विस लाइन को फुटपाथ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है जिसके कारण पैदल चलना भी लोगों को दुश्वार हो गया है। आए दिन होने वाले जाम से दूर दराज के यात्रियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्कूली बच्चे भूखे प्यासे जाम में घंटे फंसे रहते हैं। सर्विस लेन चालू रहने पर जाम का स्थिति पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि जाम के चलते प्रतिदिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटती रहती है। अब तक कई लोगों का जान भी चला गया। निरसा एवं गोविंदपुर चौक पर स्थाई रूप से ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था एवं ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था किया जाए। जिससे कि आम जनता को कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

## सेंट्रल हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद हंगामा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के हॉस्पिटल में मरीजों के साथ लापरवाही के मामले बढ़ते जा रहे है। डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरतने को लेकर कई बार परिजन हंगामा करते है। इसके बाद भी हॉस्पिटलों की व्यवस्था में सुधार देखने को नहीं मिलता है। ताजा मामला भारत कॉकिंग कोल लिमिटिड केंद्रीय चिकित्सालय का है। जहां मंगलवार की सुबह महिला मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ।परिजनों ने बताया कि पुटकी निवासी बीसीसीएल कर्मी रविन्द्र हेम्ब्रम की 45 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी को 26 नवंबर को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा मंगलवार की सुबह मरीज की मौत होने की खबर बताई गई। जिसके बाद परिजन उग्र होकर हंगामा करने लगे और चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों के



अनुसार मरीज को निमोनिया की शिकायत थी। जिसके इलाज के लिए केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। और डाक्टरों द्वारा समय पर सही इलाज नहीं करने की वजह से मरीज की स्थिति बिगड़ने लगी आनन फानन में उसे आइसीयु में भर्ती किया गया। जहां डाक्टरो की लापरवाही से मरीज की मौत हो गई। हंगामा होता देख अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना सरायढेला पुलिस व सीआईएसएफ को दिया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इससे एक दिन पूर्व

सोमवार को एक और लापरवाही का मामला सामने आया। जिले के एक निजी अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही का खामियाजा 14 साल के बच्चे को भुगतना पड़ रहा है। सर्जरी के बाद बच्चे के हाथ में सूजन आ गई है। चार महीने पहले हाथ टूटने के बाद ऑपरेशन कराया गया था। परिजनों ने मामले को लेकर अस्पताल के डॉक्टर खिलाफ सिविल सर्जन से शिकायत की है। सिविल सर्जन ने जांच के बाद कार्रवाई और बच्चे के इलाज का भरोसा दिलाया है।बता दे कि कोडरमा के डोमचांच स्थित लाछनडीह के रहने वाले सनाउल्ला अंसारी ने बताया कि उसका 14 साल का छोटा भाई चार महीने पहले जामुन के पेड़ से नीचे गिर गया था। जिसमें उसका हाथ टूट गया था। हादसे के बाद धनबाद के नामधारी अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया था। डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी, जिसके बाद उसका ऑपरेशन हुआ। लेकिन ऑपरेशन के बाद भी उसके हाथ में तकलीफ कम नहीं हुई। बार-बार लाकर उसे नामधारी अस्पताल में इलाज कराते रहे। बावजूद हाथ से सूजन और दर्द कम नहीं हो रहा है। नामधारी अस्पताल से परेशान होने के बाद भाई को रांची रिम्स ले गए। जहां डॉक्टर ने भाई को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी है। रिम्स के डॉक्टर का कहना है कि उसके भाई का हाथ काटना पड़ेगा। इसके बाद परिजन परेशान होकर धनबाद सिविल सर्जन से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

इस पूरे मामले को लेकर सिविल सर्जन सीवी प्रतापण ने कहा कि मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जांच टीम के डॉक्टर गौतम के साथ सदर अस्पताल के तीन विशेषज्ञ डॉक्टर को रखा गया है। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जन डॉ संजीव गोलास और डॉक्टर राजीव कुमार शामिल हैं। सिविल सर्जन ने जांच टीम से 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही बच्चे का इलाज कराया जाएगा।

**स्पीड न्यूज**

### महाशय धर्मपाल की पुण्यतिथि मनी



**मैथन।** महर्षि दयानंद विद्यापीठ ट्रस्ट के तत्वाधान में निरसा के बैजना आर्य गुरुकुल में पद्मभूषण एमडीएच के मालिक धर्मपाल जी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि धर्मपाल जी हजारों गुरुकुल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल का निर्माण करवाया। शिक्षा को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका अग्रणी रही है। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरहर आर्य, सचिव डॉ यशवंत सिंह, अशोक घाटी, प्रहलाद आर्य, अनिता देवी एवं गुरुकुल के बच्चे मौजूद थे।

### तेतुलमारी में दो हाइवा और एक ट्रक जब्त

**कतरास।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर चंद्र प्रसाद ने तेतुलमारी राजगंज रोड में तिलाटांड के पास तीन वाहन को पकड़ा। जिसमें कोयला लदी एक हाइवा और एक ट्रक तथा बालू लदा एक हाइवा शामिल है। तीनों वाहन को तेतुलमारी थाना की पुलिस के हवाले कर जांच शुरू किया। पुलिस कुछ बोलने से परहेज कर रही है

### भूख हड़ताल को अभिभावक संघ का समर्थन

**धनबाद।** निजी स्कूलों में बीपीएल कोटा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा भागा मंडल के किसान मोर्चा के महासचिव तारकेश्वर तिवारी का चल रहे भूख हड़ताल को मंगलवार को झारखंड अभिभावक महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह एवं महासचिव मनोज मिश्रा ने नैतिक समर्थन दिया। दोंनों ने कहा श्री तिवारी दो दिनों से अनशन पर है।

## एक नजर में

### दुर्घटनआ की शिकार अधिवक्ता का अंतिम संस्कार



**जोड़ापोखर।** झरिया में सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता नेहा वर्मा की हुई मौत प्रकरण में मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव डिगवाडीह पहुँचा। डिगवाडीह शव पहुँचने पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पूरा क्षेत्र का माहौल गमगीन बन गया था। बूढ़ी माँ मीरा देवी, बेटी तानिया, माही, पुत्र आयुष का रो रो कर बुरा हाल था। आसपड़ोस के लोग परिजनों को ढांढस बंधने में जुटे थे। शव का अंतिम संस्कार दामोदर नदी मोहलबनी घाट पर कर दिया गया है। मुखाग्नि मृतक के पति श्याम सुंदर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर धनबाद बार एशोसिएशन के अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### मजदूर नेता राम प्रवेश सिंह की पुण्य तिथि मानी



**कतरास।** हिंदुस्तान जिंक कॉलोनी टुंडू में मजदूर नेता स्व. राम प्रवेश सिंह की पुण्य तिथि मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। ट्रेड युनियन के नेताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा की वे मजदूर, शोषित गरीब और जरूरतमंदों की आवाज बुलंद करते रहते थे। उनके हित के लिए हमेशा आंदोलन करने के लिए तैयार रहते थे। इस अवसर पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, मासस नेता महतो, सुनील महतो, नकुल महतो, वरीय अधिवक्ता, दीप नारायण भट्टाचार्या पप्पू सिंह, संजीव मिश्रा पुरन महतो, बिनोद सिंह, शेख रहीम, ठाकुर महतो, दयाल महतो, साधु मंडल, संदीप मिश्रा, सहित दर्जनों महिलाओं ने उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न महतो ने गरीबों और मजदूरों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

### डीवीसी में मान्यता के लिए ट्रेड यूनियनों का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न



**मैथन।** डीवीसी में मान्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेड यूनियनों का चुनाव मंगलवार को मैथन परियोजना में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। मैथन परियोजना के प्रशासनिक भवन में भारी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां सुबह से ही डीवीसी कर्मियों द्वारा अपने पसंदीदा यूनियन के पक्ष में मतदान किया गया। डीवीसी कर्मी कतारबद्ध होकर अपने मतो का प्रयोग किया। मतदान दोपहर 3 बजे तक चला। हालांकि कर्मियों के बीच ट्रेड यूनियनों द्वारा अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जोर शोर से प्रचार प्रसार किया था और कर्मियों के हितों की रक्षा करने के लिए अपना अपना संकल्प दोहराया। चुनाव में डीवीसी कुल छह यूनियन मैदान में है, जिसमें डीवीसी कामगार संघ, कर्मचारी संघ, मजदूर संघ, श्रमिक यूनियन, स्टाफ एसोसिएशन और हिन्द मजदूर किसान यूनियन शामिल हैं। मैथन परियोजना में कुल 276 मतदाताओं में से 266 मतदाताओं ने मतदान किया है। मतों की गिनती कल बुधवार को की जाएगी। मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ, होमगार्ड सहित मैथन पुलिस तैनात थी।

## बीआईटी सिंदरी में मानव रहित हवाई प्रणाली, सेंसर पर बूटकैंप

**खबर मंत्र संवाददाता**

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में एक मंगलवार को बूटकैंप का आयोजन किया गया। शिक्षा और उद्योग के विशेषज्ञों को मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), सेंसर और संचार प्रौद्योगिकियों में प्रगति पर चर्चा की गई।

बूटकैंप में बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ पंकज राय ने आधुनिक अनुप्रयोगों में हवाई प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रो रवि कुमार गंगवार और प्रो जयसिंह टी सहित प्रमुख वक्ताओं ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए 7 दिसंबर 2024 तक चलने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम का अवलोकन प्रदान किया। मेंटर डॉ वरुण चौधरी, कुंदन कुमार सुमन और अक्स राज ने प्रतिभागियों को किट वितरित किए। इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग के सभी वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अरविंद कुमार, डॉ इम्तेयाज अहमद और डॉ ए पी सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय संकाय समन्वयक प्रो गुंजन गांधी, प्रो प्रशांत कुमार सिंह और छात्र समन्वयक रोहित कुमार, आकाश कुमार, श्रेया पॉल और अमीषा कुमारी सोरेन और श्रेया पॉल ने संचालन किया। बूटकैंप का समापन इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ पंकज राय और प्रो एम जी तिआरी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## 12 को जिला उत्सव में होगी 11 प्रतियोगिताएं

### चयनित प्रतियोगी शामिल होंगे प्रमंडलीय उत्सव में

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** नेहरू युवा केंद्र एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिसंबर को पी. के. रॉय मेमोरियल कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रमुख हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने



वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागियों के दल को 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नेहरू युवा केंद्र धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। धनबाद जिले के सभी 15 से 29 वर्ष के युवकों को आमंत्रित किया गया हैं।

## भाजपा का जिला कार्यालय भूत बंगला में तब्दील, सूर्यास्त होते ही अंधेरे में डूब जाता है कार्यालय

- कांफ्रेंस हाल में बड़े नेताओं की तस्वीर तक नहीं
- कार्यकर्ताओं के लिए सुविधा का घोर अभाव
- कांफ्रेंस हाल। किसी नेता की तस्वीर नहीं

**मिथिलेश कुमार**

धनबाद। करोड़ों रुपये को लागत से बलियापुर रोड में बना भाजपा का जिला कार्यालय भूत बंगला में तब्दील है। लोकसभा एवं विधान सभा में थोड़ी चहल पहल रही। उसके बाद कोई झांकने तक नहीं जाता। 40 कट्ठा में फैले इस भवन में रखरखाव का घोर अभाव है। बताया जाता है कि पार्टी की नई कमेटी के गठन के बाद आपसी खिंचतान के कारण यह स्थिति बनी है। विधानसभा चुनाव के बाद भवन के खुलने ओर बंद होंने का कोई निर्धारित समय नही है। दूर दराज से आने वाले कार्यकताओं के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नही है। भवन के शौचालय बना कमोड महीनों से टूटकर एक कोने में पड़ा है और इसके चारों ओर गंदगी का अंबार है। बैठक के दौरान कार्यकर्ता अक्सर भवन के पीछेल पेशाब करने के लिए मजबूर है। इस अव्यवस्था के कारण सबसे ज्यादा महिला कार्यकताओं को परेशनी होती है। इतना ही नहीं भवन के अंदर कोई अतिथि विश्राम गृह भी नहीं है। सभागार में पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय जैसे प्रमुख लोगों कि तस्वीर तक नहीं है। भवन के पीछे बड़ी बड़ी झाड़ियां उग आई है, बाग नाम।की कोई चीज नही है। कार्यालय तक पहुंचने के लिए सड़क तक नहीं है। अक्सर कच्ची सड़क से होकर पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर कार्यकताओं का आना जाना होता है। शाम ढलते ही कार्यालय के चारों ओर अंधेरा पसर जाता है। इतनी अव्यवस्था के बाद भी पार्टी में कार्यालय को लेकर कोई आवाज उठाने वाला नहीं है। जबकि यहां के सांसद और स्थानीय विधायक भाजपा के ही हैं। न तो भवन का नामकरण पार्टी के किसी नेता के नाम है न ही कार्यालय की ओर जाने वाली



कार्यालय के अंदर आप जो कमियां बता रहे है, उसपर हमलोगों का ध्यान है। चुनाव के कारण कई काम रूके हुए थे, जिसे अब पूरा किया जायेगा। कार्यालय के पीछे झाडियां उगने की जहां तक बात है, कुछ निर्माण होंना है, इसलिए उसे ऐसा छोड़ा गया है। कार्यालय के आगे के हिस्से में बागवानी की गई है। रास्ता को लेकर कुछ विवाद है, इसलिए अभी तक नहीं बन पाया है। उसका निदान होते ही पक्की सड़क भी नजर आयेगी।

**श्रवण राय**
**जिला अध्यक्ष, भाजपा**



नई जिला कमेटी में कोई खिंचतान नहीं है। दोंनो कमेटी अपना अपना काम कर रही है। जहां तक कार्यालय में अव्यवस्था की बात है, पिछले तीन महिने से मैं वहां गया नहीं हूं। चुनाव को लेकर मुझे दूसरे जिले में भेजा गया था। इसके बारे में वर्तमान जिला अध्यक्ष ही स्पष्ट रूप से कुछ कह सकते है।

**चंद्रशेखर सिंह**
**पूर्व जिला अध्यक्ष, धनबाद**



पार्टी के जिला कार्यालय में साफ सफाई के साथ शौचालय की व्यस्था तो हर हाल में होंनी चाहिए। शौचालय नहीं होंने से सबसे ज्यादा परेशानी दूर दराज से आने वाली हमारी महिला कार्यकताओं को ही होती है। इसके साथ ही पार्टी के सभी वरीय नेताओं की तस्वीर भी होंनी चाहिए। इस अव्यवस्था क्या कारण है, इसपर तो जिला अध्यक्ष ही कुछ कह सकते है।

**रमा सिन्हा**
**प्रदेश सचिव, भाजपा महिला मोर्चा**



पार्टी कार्यालय में जो भी कमियां थी, उसे सांसद ढुल्लू महतो द्वारा दूर करने का काम शुरू किया गया था। विधानसभ चुनाव के कारण काम रूका होगा। मैं भी पिछले डेढ़ दो माह से वहां नहीं गया हूं। जहां तक शौचालय कि स्थिति ठीक नहीं होंने कि बात है या कार्यालय बंद रहने कि बात है। इसपर तो जिला अध्यक्ष ही बेहतर बता सकते है।

**संजय झा, पूर्व उपाध्यक्ष**
**जिला भाजपा**

### वर्तमान सांसद के रिनोवेशन के दावे खोखले

पार्टी के एक नेता कहते मिले कि कार्यालय में कुछ कमियां थी, जिसे वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो ने चुनाव जितने के बाद दूर कर दी थी। उन्होंने फॉल सिलिंग, रंगाई पुताई से लेकर गार्डनिंग का काम कराया था। लेकिन कार्यालय को बाहर से देखने में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। इतना ही नहीं पार्टी के ही एक नेता ने विधानसभा चुनाव के समय कार्यालय में पार्टी के किसी बड़े नेता कि तस्वीर नहीं देखकर सवाल उठाये थे। उन्होंने कहा था कि इतने बड़े कार्यालय में किसी महापुरूष की तस्वीर नहीं है और ना ही किसी बड़े नेता कि तस्वीर लगाई गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें सुधार करने की जरूरत है। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव के दौरान कार्यालय में शराब की खाली कुछ बोतले भी नजर आयी थी।

### वर्ष 2020 में हुआ था भवन का उद्घघाटन

जिले में दो जिला अध्यक्षों की घोषणा के बाद पार्टी का पुराना कार्यालय छोटा पड़ने लगा था। इसके बाद ही नये कार्यालय की खोज शुरू हो गई थी। वर्ष 2017 में यह खोज पूरी हुई। कोलाकुसमा मौजा के रैयत मनीलाल मंडल, गौतम मंडल और दक्षिण मंडल से पार्टी द्वारा 1 करोड़ 44 लाख रुपये में 40 कट्ठा जमीन खरीदी गई। 09 दिसंबर 2017 को पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने भूमि पूजन कराया। वर्ष 2018 में आधुनिक सुविधाओं से लैस दो मंजिला भवन का काम प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश पोद्दार की देखरेख में शुरू हुआ। 28 जुलाई 2020 को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भावन का ऑनलाईन उद्घघाटन किया था। भवन निर्माण में 5 करोड़ से अधिक राशि खर्च हुई। भवन खरीद से लेकर निर्माण कार्य का भूगतान पार्टी फंड से किया गया। लेकिन उद्घघाटन के बाद इसे देखने वाला कोई नही।

स्पीड न्यूज

### इटखोरी में दो बहुओं ने मिलकर की वृद्ध सास की हत्या, दोनों हुईं फरार

**चतरा।** जिले के इटखोरी में घरेलू विवाद के चलते दो बहुओं ने मिलकर अपनी सास, भिखनी देवी की हत्या कर दी। घटना मंगलवार सुबह बघमुंडी गाँव में हुई, जहाँ दोनों बहुओं ने विवाद के दौरान सास को जमीन पर पटक कर उनकी छाती पर पैर से वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। हत्या के संबंध में बताया जाता है कि सास और दोनों बहुओं के बीच किसी बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। मंगलवार की सुबह भी ऐसा ही हुआ। विवाद जब ज्यादा बढ़ गया तो दोनों ने मिलकर अपनी सास को जमीन पर पटक दिया और उसकी छाती पर पैर से हमला कर दिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गयी। मृतका के बेटे, नागेश्वर दांगी ने ग्रामीणों की मदद से अपनी माँ को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, किन्तु अस्पताल पहुँचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों बहुएँ मौके से फरार हो गईं और पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर की हुई जांच

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के गंगापुर गांव के संतोष कुमार गुप्ता को सरकारी विभाग से ट्रैक्टर मिला था। उच्च न्यायालय के अवमाननावाद की जांच के लिए पंचायत सेवक उज्जवल कुमार सिंह गाँव गए और जाँच में सब कुछ सही पाया। यह जाँच बीडीओ राहुल देव के निर्देश पर की गई थी।

### मचान में आग लगने से पुआल जलकर राख

**गिद्धौर।** गांगपुर में सोमवार शाम शॉर्ट सर्किट से सोहन यादव के घर के सामने बने मचान में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, परन्तु लगभग 75 प्रतिशत पुआल जल गया। मचान के पास स्थित बिजली पोल से आस-पास के तीन-चार घरों में बिजली कनेक्शन था।

### दो बाइक के टक्कर में एक अधेड़ घायल, रेफर

**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के गोदोबार बालिका विद्यालय के पास दो बाइकों में टक्कर होने से एक बाइक चालक अधेड़ गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घायल बाइक चालक को ग्रामीणों ने आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोदोबार निवासी नरेश प्रजापति 45 वर्षीय अपने हीरो बाइक से फोटो कॉपी करवाने कैफे जा रहे थे इस दौरान कैफे की ओर बाइक से सड़क पार ही कर रहे थे कि उसी दौरान हंटरगंज की ओर से एक तेज रफ़्तार बाइक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए धक्का मार दिया, जिससे अधेड़ सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया । वही दूसरा चालक को मामूली चोट पहुंची है वही बाइक लेकर चंपत हो गया।

### जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा रेड क्रॉस का ब्लड बैंक

**चतरा।** जिले में बढ़ते थैलीसीमिया मरीजों और रक्त की कमी से होने वाली मौतों के कारण रेड क्रॉस सोसाइटी ने ब्लड बैंक शुरू किया है। यह ब्लड बैंक मासिक 100 से अधिक मरीजों को रक्त प्रदान कर रहा है।रक्त की बढ़ती मांग को देखते हुए, रेड क्रॉस के सचिव ने युवाओं से रक्तदान करने की अपील की है, क्योंकि रक्तदान से कमजोरी नहीं बल्कि हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियाँ नियंत्रित रहती हैं, इसलिए युवाओं से रक्तदान करने का आग्रह किया गया है। रक्तमित्र समूह लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहा है और युवाओं को प्रेरित कर रहा है। एक महिला ने रक्तदान के सकारात्मक अनुभव का उल्लेख किया और सभी युवाओं, विशेषकर महिलाओं से हर चार महीने में रक्तदान करने का आह्वान किया।

# महाकुंभ मेला 2025 : सनातन संस्कृति की धरोहर को लेकर कोडरमा के लिए गौरवपूर्ण अवसर, तैयारियों पर बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्रयागराज में 10 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले को लेकर जिले में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी दौरान मंगलवार को झुमरीतिलैया स्थित पंजाबी धर्मशाला, गुरुद्वारा रोड में महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज की अध्यक्षता में दोपहर 3 बजे बैठक का आयोजन किया गया। वहीं महामंडलेश्वर श्री दास जी महाराज ने बताया कि महाकुंभ मेले में झारखंड राज्य से केवल कोडरमा जिले को स्थान आवंटित किया गया है। यह पूरे जिले और सनातन संस्कृति के लिए गर्व का विषय है। झारखण्ड के लिए 200-300 फीट स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें सरकार की ओर से बिजली, पानी, पंडाल, महिला व पुरुष प्रसाधन, जमीन की सुविधा दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि 5 दिसंबर को स्थान आवंटन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। वहीं महामंडलेश्वर ने कहा कि यह अवसर केवल धार्मिक महत्व का नहीं है, बल्कि सनातन धर्म की वैश्विक पहचान को बढ़ाने का भी माध्यम है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया है कि वे इस आयोजन में भाग लें और अपनी सनातनी धरोहर को सशक्त करने में सहयोग करें।

वहीं महामंडलेश्वर ने प्रमुख स्नान तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि पहला स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर और तीसरा 3 फरवरी को सरस्वती पूजा के दिन होगा। इस महाकुंभ में 150 देशों से श्रद्धालु और संतों का आगमन होने की संभावना है। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नवीन पांड्या एवं धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार निरंजन ने किया।

मौके पर चंदन चक्रवती, प्रदीप सुमन, अरुण सेठ, अजय पाण्डेय, जमुना यादव, मनोज यादव, गजेंद्र राम, मदन साव, बब्लू सिंह, नविन सिन्हा, सुनील सोनकर, यशपाल सिंह गोल्डन, मनोज कुमार झून्नू, शंकर सिंह, प्रदीप प्रजापति, सूर्यदेव मोदी, पंकज बर्णवाल, विकाश वैशखियार, मुन्ना भदानी, अरविन्द चौरी, अभिषेक रंजन, विक्की केशरी, जोशी कुमार, उमाशंकर बर्णवाल, बब्लू सिंह सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, डीसी ने दिये कई निर्देश

# अवैध रूप से खनन, भंडारण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का दिया निर्देश

### बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर भी होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें पत्थर, बालू आदि खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने टास्क फोर्स के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में किसी भी हाल में अवैध रूप से पत्थरों, ढिबरा, बालू आदि का उत्खनन न हो, इसके लिए नियमित रूप से कार्रवाई करें, अवै रूप से खनिज पदार्थों के उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों को चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई करें। वहीं डीसी ने वन क्षेत्र में ढिबरा, ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सीओ और थाना प्रभारी को आपस मे समन्वय बनाकर बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, बिना नम्बर प्लेट के चलने वालों वाहनों पर भी सख्ती से कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया।

### उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की आतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम व यातायात व्यवस्था आदि विन्दुओं पर समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं उन्होंने डीटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों कोडरमा, झुमरीतिलैया और डोमचांच के यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें, झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र में नो एंट्री को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से सम्बंधित बैनर को जिले के प्रमुख चौक चौराहों पर लगाएं, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर ब्लैक स्पॉट पर ब्रेकर और साइनेज लगाने, बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करें। मौके पर डीसी के अलावे एसपी अनुदिप कुमार सिंह, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, डीटीओ विजय कुमार सिंह, डीएमओ नन्ददेव बैठा आदि मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने जिले के व्यावसायिक संगठनों के साथ कि बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में जिले के व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। जिसमें जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध पर नियंत्रण रखने, अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व अपराधियों को गिरफ्तार करने समेत विभिन्न विन्दुओं पर पर चर्चा करते हुए एसडीओ द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी निर्देश के आलोक में जिले के सभी प्रमुख चौक चौराहों, बैंकों, एटीएम, ज्वेलरी दुकानों, पेट्रोल पंप, होटलों, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, हाउसिंग सोसायटी, बस ऑटो स्टैंड, हॉस्पिटल आदि जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उस पर सतत निगरानी रखने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य रामरतन महर्षि और अविनाश सेठ समेत अन्य सदस्यों ने एसडीओ द्वारा जारी निर्देश की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं एसपी ने व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे जगह जगह पर लगे होने से एक ओर जहां अपराधों पर अंकुश लगेगा तो दूसरी ओर कोई अप्रिय हादसा होने पर अपराधियों की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने में भी सहूलियत होगी। मौके पर एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि समेत अन्य व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर निवासी एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप अपने ननद के पुत्र अंशु कुमार और उसके पिता विजय शर्मा पर लगाते हुए कोडरमा थाना कांड संख्या 253/24 में मामला दर्ज कराई है। दर्ज मामले में उसने कहा है कि बीते 20 नवम्बर की रात्रि को उसकी नाबालिग पुत्री घर से गायब हो गयी, खोजबीन के दौरान पता चला कि मेरी ननद के पुत्र अंशु कुमार और पति (ननदोई) विजय शर्मा फुलवारी, पटना बिहार निवासी मेरे घर आकर मेरी पुत्री को बहला फुसला कर पुणे ले गए। जब मैंने इस सम्बंध में ननद के बेटा और पति से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी बेटी के साथ मेरा बेटा शादी कर लिया है।

## दो हाइवा के आमने सामने टक्कर में एक का चालक घायल, रेफर


खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के गया - चतरा मुख्य पथ के गोदोबार गांव के हीरो शोरूम पास सोमवार के अहले सुबह करीब दो बजे दो हाइवा के आमने सामने टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में बोड़ा मोड़ की तरफ से पत्थर बोल्डर लाने जा? रही हाइवा के चालक को गंभीर चोट आयी है। वहीं हंटरगंज की तरफ से जा रही हाइवा टक्कर मारकर मौके से फरार बतायी जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिये हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुवे गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चतरा की तरफ से जा रही हाइवा के चालक को झपकी आने से दोनों गाड़ी आमने-सामने टकरा गयी। जिसमें बोडा तरफ से आ रही हाइवा क्षतिग्रस्त हो गयी है। वही बोडा तरफ से आ रही हाईवा भी अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर हो गई जिसमें चालक को मामूली चोट पहुंची है।

# अवैध निमार्णों का हुआ ध्वस्तीकरण अतिक्रमण मुक्त हुई 22 एकड़ जमीन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मेघरनिया में ग्रामीणों ने वन विभाग की 22 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। मंगलवार को मजिस्ट्रेट सीओ दीपक कुमार मिश्रा और प्रतापपुर रेंजर अजीत कुमार ने 22 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से बने 9 घरों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई 2023 में खाली करने के आदेश और 2024 में कोर्ट के आदेश के बाद की गई। यह मामला कई वर्षों से चल रहा था। जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने पीएम आवास और कच्चे घर बना रखे थे। सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि मेघरनिया गांव में सरकारी जमीन में बसे कुल लोगों को कई बार सरकारी जमीन से घर हटाने को लेकर नोटिस दी जा रही थी। लगातार नोटिस देने के बावजूद जगह को खाली नहीं करने पर मंगलवार को बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन से अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया।भुक्तभोगियों ने बताया कि मेरे पास जमीन का खतियान और रसीद है। वहीं जमीन पर प्रधानमंत्री पीएम आवास बनाया गया है। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह और जिला बल के जवान समेत वनरक्षी शामिल थे।

# हर्षोल्लास के साथ मना भद्रकाली महाविद्यालय का 40वां स्थापना दिवस समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय एवं भद्रकाली इंटर महाविद्यालय का 40वाँ स्थापना दिवस समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इटखोरी के विकास पुरुष एवं महाविद्यालय के संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी देवकुमार सिंह, झारखंड राज्य के विख्यात योगगुरु संन्यासी शंकर चंद्रवंशी, और समाजसेवी पवन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों, प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर, इंटर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद रियाजुद्दीन अहमद, प्रो. ललित मोहन सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। रानी कुमारी, पल्लवी सिंह एवं ऋषिका कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद माता सरस्वती, देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सहित सभी भूमिदाताओं को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र...

प्रसाद और भूमिदाताओं को नमन करते हुए कहा कि आज से 40 वर्ष पूर्व कुमार यशवंत नारायण सिंह ने इटखोरी में उच्च शिक्षा का जो बीज बोया था, वह आज पुष्पित और पल्लवित हो रहा है। शैक्षणिक, सामाजिक, धार्मिक सहित इटखोरी के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने विकास पुरुष की भूमिका निभाई। साथ ही वर्तमान सचिव डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा महाविद्यालय में किए गए रचनात्मक और विकास कार्यों का उल्लेख किया। संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहकर अध्ययन करने पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालय के लिए भूमि दान देने वाले भूमिदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि देव कुमार सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय गरीब छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने का एकमात्र संस्थान है। योग गुरु शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले 40 वर्षों की विकास यात्रा में यहां से हजारों छात्र-छात्राएँ सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह के त्याग और समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही महाविद्यालय के वर्तमान सचिव डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही यह महाविद्यालय तेजी से विकास कर रहा है, अनुशासन, पठन-पाठन और विकास में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भूमिदाताओं को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जीवनी और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उसका अनुकरण करने को कहा। महाविद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि अगले सत्र से महाविद्यालय में एमए, एमएससी, एमकॉम की पढ़ाई शुरू करने की अनुमति मिल गई है। इसके साथ ही निःशुल्क कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान की जा रही है, साथ ही बहुत सारे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की भी सुविधा है। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पल्लवी, वंदना, रुखसार, मधु, रानी ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर अपने भाषण प्रस्तुत किए। सरिता और रानी ने संगीत प्रस्तुत किया। मधु ने शायरी प्रस्तुत की तथा पल्लवी ने अपने जोरदार चुटकुलों से दर्शकों को हँसाते-हँसाते लोटपोट कर दिया।

कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के संस्थापक सचिव, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को श्री डोमन राणा, मोहम्मद ताहिर रहमान, इंटर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद रियाजुद्दीन अहमद, प्रो० श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो० सकेंद्र मिस्त्री ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो० ललित मोहन सिन्हा और प्रो० संदीप कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो० महेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्रो० जानकी प्रसाद दांगी, प्रो० श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो० बालेश्वर पासवान, प्रो० पंकज, प्रो० राकेश, सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्णिमा शर्मा, विद्या सिन्हा, चंदन कुमार सिंह, प्रधान लिपिक श्याम किशोर प्रसाद, विनोद ठाकुर सहित डिग्री और इंटर महाविद्यालय के यहाँ के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बीडीओ ने कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना था। बैठक में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन और आवास जैसी योजनाओं के लाभ बिरहोर परिवारों तक पहुँचाने पर जोर दिया गया।कर्मियों को इस संबंध में कई निर्देश दिए गए। पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, चितरंजन शर्मा और प्रियंका प्रिया बैठक में उपस्थित थे।

### चार दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के जपुआ टोला के बिरहोर परिवारों को मूलभूत सुविधाएँ देने के लिए चार दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है। मंगलवार को 10 बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए। शिविर में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा, राशन, पेंशन और आवास जैसी सुविधाओं का सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह कार्य उपायुक्त रमेश घोलप के निदेशार्नुसार हो रहा है।

### बीडीओ ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण

**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया। साथ ही वर्तमान प्रधानाध्यापक गोपाल साहू से नए आए शिक्षकों को प्रभार नहीं देने के मामले में शिक्षक गोपाल साहू और कुमारी साहनी से स्पष्टीकरण लिया गया। तथा 72 घंटे के अंदर प्रभार आदान-प्रदान करते हुए प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया।

### डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित, भूमि विवाद, राशन, विद्युत से संबंधित, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना,आंगनबाड़ी से संबंधि, चबूतरा बनाने की मांग से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### आजीविका सखी मंडल समूह की हुई बैठक

**गिद्धौर।** सलगा गांव में निशा आजीविका सखी मंडल समूह की बैठक प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में हुई। सोनिया देवी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में समूह के बकाया ऋण की वसूली के लिए सीसी सुनील कुमार और बैंक सखी सरोज देवी ने प्रयास किया, जिससे लगभग आठ हजार रुपये की एक किस्त वापस की गई। वहीं समय पर भुगतान न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जमुनी देवी, एतवरिया देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, रमतिया देवी और अन्य महिलाएँ उपस्थित थीं।

### खलिहान में गिरा बिजली का तार, जला धान व पुवाल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जामु पंचायत के यमुना राम की खलिहान में सोमवार की शाम साढ़े सात बजे 11 हजार वोल्ट बिजली का तार टूटकर गिरने से वहां आग लग गई। इससे खलिहान में रखा 70 कट्ठा का पुवाल व 20 कट्ठा का काटकर रखा धान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। आग की लपेट देखकर अगल बगल के लोगों के हल्ला करने पर भुक्तभोगी यमुना राम का पूरा परिवार व गांव के लोग जुटे। वहीं मशीन लगाकर उसपर पानी मारा गया। वहीं अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, तब तक करीब तीस हजार रुपये का धान व 20 हजार रुपये का पुआल जल चुका था। वहीं मुआवजे की मांग को लेकर यमुना ने सीओ, थाना व बिजली विभाग को आवेदन सौंपा है।

### झोलाछाप डॉक्टर ने एक मासूम का लिया जान

**कोडरमा।** झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण एक बच्चे की जान चली गई। बताते चलें कि सदर अस्पताल में आए एक मामले के अनुसार गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बभनी निवासी रतन लाल चौधरी के 12 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार को घोरथंभा बाजार के आरव मेडिकल के एक झोलाछाप डॉ.विनोद कुमार के गलत इंजेक्शन देने के कारण जान चली गई। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि मेरे बेटे को सर्दी खांसी के शिकायत था। जिसके बाद अपने पुत्र को घोरथंभा बाजार के आरव मेडिकल के डॉ.विनोद कुमार के पास लेकर गए जहां उसके द्वारा एक इंजेक्शन लगाया गया, इंजेक्शन लगाते ही मेरा बेटा बेहोश हो गया।

### झुमरीतिलैया भादोडीह अयाज नगर में हुआ उर्स का आगाज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थित भादोडीह मोहल्ला मे सूफी अयाज शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना उर्स का आगाज 1 दिसम्बर 2024 को परचम कुसाई से बहुत ही धूम-धाम के साथ शरू हुआ। बताते चलें की यह बाबा अयाज शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का 54वां सालाना उर्स मुबारक है, जो की हर वर्ष उर्दू के जमादी अव्वल माह के 29वां 30वां को मनाया जाता है, परन्तु इसकी शुरुआत 28 तारिक को ही परचम कुसाई से ही किया जाता है। उर्दू के 29 तारिक को सुबह 7 बजे पवित्र कुरआन का पाठ (कुरान खानी) एवं 10:30 बजे चादर गस्ती की जाती है, जो की मरहूम रफीक खान वारसी के घर से निकल कर टीओपी गली निकल कर बड़ा पोस्ट ऑफिस एवं तिलैया थाना के रास्ते शहर के मुख्य सड़क का भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन के समीप से वापस होकर थाना गली से पुनः गंतव्य स्थान हजरत सूफी अयाज शाह वारसी रहमतुल्ला अलैहे के आस्ताने शरीफ पर बहुत ही अदब वा भक्तिमय होकर भक्तगण अपने सर पर चादर रखकर आये और 11:30 बजे बहुत ही जोश खरोस के साथ चादर पेश कर देश में चैनो अमन की दुआएं मांगी।

## स्पीड न्यूज

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर बाल विकास परियोजना अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन चुन्नीलाल उच्च विद्यालयमें किया गया। जिसमें लगभग 1200 विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट,पॉस एक्ट, महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं के अधिकार पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में ज्योति कुमारी प्रसाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंजना रानी मिंज शिक्षिका, बिंदी बृजबाला शिक्षिका, गीता देवी आंगनबाड़ी सेविका आदि कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपस्थित थे।

### शव मिलने के बाद अरु में तीन घंटा सड़क जाम,परिजनों ने हत्या का जताया आशंका

**सेन्हा-लोहरदगा।** रामनगर के समीप संचालित ईंट भट्ठा में शव मिलने के सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव का हुआ शिनाख्त परिजनों ने जताया हत्या का आशंका। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप संचालित किसान ईंट भट्ठा परिसर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। इस दरमियां शव का शिनाख्त अरु ग्राम निवासी सलामत अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र शमशेर अंसारी के रुप में किया गया। शव किसान ईट भट्ठा के समीप मिट्टी डंपिंग के पास मिलने से अरु के ग्रामीण आक्रोश जताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि हत्या कर चक्का चढ़ा दिया गया है जिसपर गुसाए ग्रामीणों ने शव को उठा कर पहले सेन्हा राम नगर पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए पथ को आधा घंटा जाम किया फिर वहां से शव को उठाकर अरु चौक पर ले गए जहां पर तीन घंटा जाम के बाद जिला वरीय अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डी एस पी समीर तिर्की अंचलाधिकारी मो0 मुदस्सर नजर मंसूरी के समझाने तथा परिजनों के विभिन्न मांग पत्र सौंपने के बाद जाम को हटा दिया गया। जाम करने वाले ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि हत्यारा को 12 घंटा के अंदर गिरफ्तार करें और मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 20 लाख का सहायता दें मृतक के बच्चो को सरकारी व्यवस्था के तहत उचित शिक्षा दिया जाए जिसपर अधिकारी ने आश्वासन दिया तब जाकर जाम हटाया गया। जाम के दौरान घंटो छोटी बड़ी वाहने का कतार लग गया था। परंतु पुलिस प्रशासन सकारात्मक कदम उठाते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। जाम की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थे।

### नाबालिक युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, तफ्तीश में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** जिला के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी मे 13 वर्ष एक नाबालिक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक युवती की पहचान कृष्ण भगत के 13 वर्षीय पुत्री हिना भगत के रूप में हुई।मंगलवार दोपहर लगभग 12:00 सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम का परिजनों को सोपा गया। सूत्रों के अनुसार, हिना ने अपने कमरे में खुद को फांसी लगाकर जान दे दी।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के बरवाटोली के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 108 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। बताया जाता है कि भुजानिया गांव निवासी स्वर्गीय तेंबा उरांव के पुत्र नीरज उरांव (19 वर्ष) व एतवा उरांव के पुत्र अमन उरांव (18 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से भंडरा साप्ताहिक बाजार से अपने घर भुजानिया लौट रहे थे। इसी दौरान भंडरा बरवाटोली बस्ती के समीप सड़क पर अचानक मवेशी के आ जाने के कारण उनका बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गए। जिससे दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को छुट्टी दे दी है।

### रोहित उरांव के प्रयास से रिम्स में हो रहा मरीज का उचित इलाज

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम अरकोसा निवासी सुशीला उरांव पिता शमशेर उरांव उम्र 38 वर्ष विगत कुछ दिनों पूर्व से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। जिसके कारण मरीज की स्वास्थ नाजुक थी जिसका इलाज सदर और अन्य अस्पताल में किया जा रहा था। जिसके बाद परिजनों के द्वारा मरीज के बेहतर इलाज के लोहरदगा के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र सह युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क किया गया और मरीज के बेहतर उपचार का अनुरोध किया गया ।मौके पर रोहित उरांव के द्वारा मरीज सुशीला उरांव के बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में भर्ती किया गया। साथ ही रिम्स प्रबंधन एवं डॉक्टरों से बात कर बेहतर इलाज के लिए बात की।

# देश की रक्षा करने के लिए अपने परिवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का ने त्याग दिया था: सुबेदार माधु सिंह

## प्रखंड के अधिकारियों ने समाधि स्थल पर किया पुष्प अर्पित, परमवीर के पुत्र व पुत्रवधु सम्मानित

### शहीद दिवस पर परमवीर अल्बर्ट एक्का को उनके पैतृक गांव जारी में दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



परमवीर अल्बर्ट एक्का के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देते लोग।



परमवीर अल्बर्ट एक्का के पुत्र व पुत्रवधु को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि

**गुमला।** परमवीर अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव जारी में मंगलवार को अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस में सबसे पहले परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर उनके पुत्र भिंसेन्ट एक्का व पुत्रवधु रजनी मिंज ने सबसे पहले माल्यर्पण किया। ततपश्चात चैनपुर एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, बीडीओ यादव बैठा, थानेदार आदित्य कुमार, सीओ रमेश गुप्ता, जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक, प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा समेत कई गणमान्य लोगों ने एक-एक कर माल्यर्पण कर नमन किया। वहीं आर्मी के जवान सुबेदार माधु सिंह के नेतृत्व मे अल्बर्ट एक्का को सलामी दी गई। सलामी के पश्चात परमवीर अल्बर्ट एक्का के पुत्र भिन्सेन्ट एक्का और पत्नी रजनी एक्का को जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक एवं प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ततपश्चात सभी प्रशासनिक पदाधिकारी ,स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के द्वारा समाधि स्थल पर पहुँचकर पुष्पार्चन किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित आर्मी के सुबेदार माधु सिंह ने कहा कि सभी कोई परमवीर अल्बर्ट एक्का के जीवनी से प्रेरणा लें और अपने भविष्य का निर्माण करें। अल्बर्ट एक्का देश की रक्षा करने के लिए अपना परिवार को त्याग दिया। सेना देश के लिए सोचता है न कि परिवार के लिए आज परमबीर अल्बर्ट एक्का को पूरा राष्ट्र जानता है। मौके पर उपस्थित एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम से बने प्रखंड को हम सभी मिलकर विकसित करना होगा। तभी शहीद को सही श्रद्धांजलि होगी। सभी कोई प्रण लें कि जारी प्रखंड और जारी गांव का विकास करेंगे। वहीं दुसरी ओर परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अधिष्ठाता फादर पात्रिक मिंज थे। जबकि सहयोगी के रूप मे फादर लौरेन्स टोप्पो थे। मिस्सा अनुष्ठान के बाद सभी लोग कतारवद्ध होकर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा के समीप पहुँचकर माल्यर्पण किया तथा समाधि स्थल पर भी पुष्पार्चन किया। मौके पर अनेकों लोग उपस्थित थे।

# अल्बर्ट एक्का का बलिदान देश के लिए प्रेरणा देने वाला: डीसी

### परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर जिला प्रशासन ने किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता



शहादत दिवस पर परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते डीसी सहित अन्य लोग

**गुमला।** परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप परमवीर की स्थापित आदम कद प्रतिमा पर मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता , अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अनेक स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि अल्बर्ट एक्का का परम बलिदान झारखण्ड और गुमला ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा देने वाला है। शहीद अल्बर्ट एक्का के नाम से जिले में एक प्रखंड का नामकरण किया गया है। कहा कि हम सभी को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# चेंबर के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते चेंबर सदस्य

**गुमला।** गुमला के वीर सपूत परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर गुमला चेंबर के द्वारा उनको याद किया गया। स्थानीय गुमला स्टेडियम परिसर में परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर चेंबर के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का का बलिदान झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश के लिए गौरव है। भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में आज की ही तारीख को अल्बर्ट एक्का शहीद हुए थे ।

सभी को उनके बलिदान को याद करते हुए उनको सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहिए। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि आज के युवा नागरिकों को अल्बर्ट एक्का की शहादत की गाथा जरूर बताना चाहिए ताकि देश के प्रति युवाओं में प्रेम का भाव एवं देश सेवा का भाव कूट-कूट कर भरे।

शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि देने वालों में अध्यक्ष दामोदर कसेरा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष रॉकी जयसवाल, सचिव बबलू वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य प्रणय कुमार एवं व्यापारी दीपक गुप्ता शामिल थे।

# हिंडाल्को कंपनी माइंस क्षेत्र में कर रही है रैयतों व मजदूरों का शोषण : विजय

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल सदस्य

**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति बिशुनपुर की आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में बिशुनपुर में सम्मेलन की तैयारी व विभिन्न मुद्दों को लेकर की गई । बैठक की कार्यवाही शुरू करने से पहले 54 वें शहादत दिवस पर परमवीर अल्बर्ट एक्का को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में रैयतों व मजदूरों का शोषण करने में लगी हुई है। यही कारण है कि बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र से रोजी-रोटी के लिए के अभाव में रैयत मजदूर व नाबालिक लड़कियां बड़ी संख्या में पलायन को मजबूर हैं। वहीं सीएसआर घोटाले का परिणाम है कि माइन्स संचालन के 50 वर्ष बाद भी बिशुनपुर व घाघरा माइंस क्षेत्र में अच्छी स्कूल व अस्पताल नहीं बन पाए हैं । श्री सिंह ने 18 दिसंबर 2024 को गुमला उपायुक्त से मिलकर माइन्स क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को रखने की भी बात कही तथा जनवरी माह 2025 में समिति की होनेवाली सम्मेलन की तैयारी माइंस प्रभावित गांवों में शुरू कर देने की अपील समिति के नेताओं से की है। बैठक में बॉक्साइट का अवैध उत्खनन पर जिला प्रशासन द्वारा हो रही कार्रवाई की सराहना की गई । वहीं लीज एरिया से बाहर वन भूमि व रैयती जमीन पर चल रही अवैध उत्खनन पर पूर्णतः रोक लगाने तथा कार्रवाई की मांग की गई । बिशुनपुर के जवाडीह विकास सिंह के माइंस में बम ब्लास्ट के दौरान मारे गए गुलशन मुंडा को अब तक न्याय नहीं मिलने

# नशा से कई लोगों का जीवन नर्क बन रहा है : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

### एसएस हाई स्कूल घाघरा के छात्रों को एसडीपीओ ने दी शिक्षा, विभिन्न कानूनों की दी जानकारी

**घाघरा।** एस एस हाई स्कूल घाघरा में मंगलवार को छात्रों को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव घंटों शिक्षा दी और विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान एसडीपीओ ने नशा पान से दूर रहने की बात छात्रों से कही। साथ उन्होंने कहा कि नशा पान से कई लोगों का जीवन नर्क बन जा रहा है। कई युवा वर्ग इस नशा पान से अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। आप सभी के सहयोग से इस पर रोक लगाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में गांजा, भांग, ब्राउन शुगर बेचने वालों की जानकारी दें। आपकी सूचना गुप्त रखी जाएगी। इसके साथ ही ह्यूमन ट्रैफिकिंग, साइबर क्राइम, अपराध, पर रोक लगाने को लेकर सभी को जागरूक होने की बात कही। साथ ही एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि साइबर क्राइम में कई लोगों को मोबाइल के माध्यम से लॉटरी लगने की बात कह कर पैसे की मांग की जाती है। आप उसकी जांच करें। बैंक जाकर जांच कराएं। किसी भी बैंक के नाम से आपके मोबाइल पर फोन कॉल आने पर किसी को अपना ओटीपी ना दे। नाबालिक को बहला फुसलाकर काम करने को लेकर बाहर ले जाना भी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही डायन बिसाही जैसी कोई चीज नहीं होती है लोग अंधविश्वास में ना पड़े। अन्यथा कानून वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करती है और उन्हें जेल भी जाना पड़ता है। इसके साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई। मौके पर थाना प्रभारी तरुण कुमार सहित कई शिक्षक छात्रा छात्रा उपस्थित थे।

## एक नजर में

### झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सदस्यों ने शहादत दिवस पर अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**गुमला।** परवमीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मंगलवार को झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला के सदस्यों ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि शहीद मरते नहीं है दफनाए जाते हैं, कब्र खोद कर देखो जिंदा पाए जाते हैं। उन्होंने कहा की सेना के बदौलत ही आज हम सुरक्षित है। सेना के जवान रात दिन जगाते हैं और हम चैन की नींद सोते हैं। अल्बर्ट एक्का हमारे गुमला जिला के शान और गौरव हैं। मौके पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सचिव सुनील कुमार, उत्तम बेक, सुमित, रोबर्ट टोप्पो, सेत एक्का, सहित आर्मी के नौजवानों में कैप्टन लोहरा उरांव, घनश्याम ग्वाल, चरम सुखराम भगत,, सुखराम उराव, आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नवाटोली मोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में डहुडड़गांव निवासी जयदीश लकड़ा नामक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक जीतवाहन लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जामटोली से अपने घर डहुडड़गांव की ओर आ रहे थे। तभी नवाटोली मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे जयदीश लकड़ा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घायल जीतवाहन लोहरा को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटना में वृद्धि होते जा रही है। पुलिस लगातार वाहन जांच कर लोगों को हेलमेट प्रयोग करने की अपील करती है। अधिकतर दुर्घटना बिना हेलमेट,तेज रफ्तार एवं शराब सेवन के कारण होती है। जिसमें लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### बांग्लादेश में सनातनी समाज और मठ मंदिरों पर हमले को लेकर रैली आज

**गुमला।** बांग्लादेश में सनातनी समाज और मठ मंदिरों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचार के खिलाफ बुधवार को गुमला में सनातन समाज के द्वारा रैली निकाली जाएगी। रैली पालकोट रोड स्थित केदार बगान के समीप से निकाली जाएगी जो शहर के सभी मुख्य मार्गों में घूमेगी। बंग्लादेश में सनातन समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर जिले के सनातन समाज के सदस्यों से अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखने की अपील की गई है। साथ ही रैली में सनातन समाज के लोगों से भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी मुकेश सिंह ने दी है।

### पटेल सेवा संघ द्वारा परमवीर अलवर्ट एक्का की पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता लांसनायक अल्बर्ट एक्का की पुण्य तिथि के अवसर पर आज गुमला जिला पटेल सेवा संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह ने कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में आज की ही तारीख को अल्बर्ट एक्का ने अपना बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वालों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। परमवीर चक्र प्राप्त करना हर सैनिक का सपना होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No. ( आवेदित )

* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### उग्रवादी हिंसा में मृत्युपरांत आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी

**गुमला।** पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व० बसंत बढ़ई, बसिया प्रखण्ड के निवासी के आश्रित पत्नी ससिया देवी को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर और बसिया प्रखंड के ही स्व. महेश बढ़ई के आश्रित पत्नी पुनम देवी को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

### दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग हैं: ओम प्रकाश पांडे

**गुमला।** दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने सिलम स्थित जिले के दिव्यांग स्कूल में बच्चों के साथ संवाद किया और दिव्यांग बच्चों के बीच बिस्किट एवं ट्रॉफी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और हमारा संविधान उन्हें भी समान हक प्रदान करती है। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य सैयद फातमी सहित फोरम के कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने उपायुक्त से बिजली खंभा व तार लगाने की मांग की

### बांस के सहारे घरों तक ले गये हैं बिजली, उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण दिवस पर सुनी लोगों की समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त

गुमला। गुमला के चंदाली स्थित नए समाहरणालय में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों के साथ उपायुक्त से मिलने पहुंचे। जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुमला के भलदम चट्टी के ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि धर्मेश नगर में लगभग 40 परिवार रहते हैं। इस नगर में बिजली पोल और तार नहीं रहने से ग्रामिणों को बांस का खम्भा बनाकर घर तक लाया गया है। इससे कभी भी दुर्घटना हो सकी है। ग्रामिणों द्वारा उपायुक्त से बिजली पोल, तार को लगाने का आग्रह किया। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल को पत्र को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सिसई प्रखंड के नागफेनी रापुटोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर रापुटोली बस्ती में लगभग 2 किमी कच्ची सड़क पीसी सड़क बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में आने जाने में काफी कठिनाई होती है। बिशुनपुर प्रखंड निवासी अतुल असूर ने आवेदन समर्पित कर बताया कि मेरे उसके पिता स्वः मदन असुर बिशुनपुर ब्लॉक में अनुसेवक के पद पर पदस्थापित थे। जिनकी मृत्यु 16 अक्टूबर 2024 को हो गयी थी। आवेदक द्वारा उपायुक्त से अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की। पनसो अम्बा टोली ग्राम निवासी सुखमती कुमारी ने अपने आावेदन में बताया कि उसकी सास फुलमैत देवी का पनसो अम्बा टोली के आंगबाड़ी में सहायिका पद पर है। जनवरी 2025 में सेवा समाप्त हो जायेगी। उपायुक्त से अपने सास के जगह में नियुक्ति करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

